अति आवश्यक / व्यक्तिगत ध्यानार्थ

संख्याःशिक्षा–शिमला(जी–1)विविध
कार्यालय उप–शिक्षा निदेशक उच्चतर,
शिमला, जिला शिमला–171001

Dy. Director of Higher Education
Dr. No. 19679-20069
01 JUL 2017
Shimla-1

दिनांकः शिमला–171001 जुलाई,2017

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक,
रा0व0मा0पा0 / उ0पा0 जिला शिमला।

विषयः– **असुरक्षित स्कूल भवन बारे।**

ज्ञापन,

उपरोक्त विषय पर शिक्षा निदेशक हिमाचल प्रदेश शिमला–01 के कार्यालय पत्र संख्याः शिक्षा–एच.ई.(9)4–3/2015 दिनांकः शून्य के अर्न्तगत सूचित किया है कि जिला की जितनी भी पाठशालाओं के असुरक्षित भवन है उनमें बच्चो को न बिठाया जाए, ऐसी स्थिति में बच्चों के बैठने हेतु वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था की जाये। यदि बच्चों को बिठाने के लिए वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था नही होती है, तो इस स्थिति में स्कूल के उपयोग हेतु सम्बन्धित उपायुक्त से भवन के लिए आग्रह किया जाए , यदि सरकारी भवन उपलब्ध न हो तो उस स्थिति में उपायुक्त महोदय से निजि भवन को किराए पर लेने के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाए। निजि भवन किराए पर लेने के लिए सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त मामला निदेशालय को अनुमित / स्वीकृति के लिए भेजें। जिन–2 पाठशालाओं के भवनों की दयनीय स्थिति है उनको नियमानुसार असुरक्षित घोषित करने तथा गिराने की सम्बन्धित अधिकारी से स्वीकृति प्रदान करने हेतु आवश्यक पग उठाए जाऐं व ठेका लेने के एक माह के भीतर गिराया जाना सुनिश्चित करें। मामले में सरकार के पत्र संख्या Fin-E-I(A)3-2/2006 Dated 15.11.2010 and Fin-E-I (A)3-1/2006 Dated 18.4.2011 के अनुसार कार्यवाही अमल में लाई जाए। असुरक्षित भवनों की निलामी होने के उपरान्त जो राशि प्राप्त होगी वह सरकारी खजाने में जमा करवाई जाएगी। असुरक्षित भवनों के गिराए जाने के तुरन्त बाद सम्बन्धित पाठशाला हेतु नये भवन के निर्माण हेतु पूर्ण मामला प्राक्कलन / रेखाचित्र सहित कार्यालय को आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित करें।

-हस्ता-
उप–शिक्षा निदेशक उच्चतर,
शिमला, जिला शिमला–171001

पृष्ठांकन संख्याः सम दिनांकः शिमला–171001

प्रतिलिपिः–

1. शिक्षा निदेशक हिमाचल प्रदेश, शिमला–01 को उनके उपरोक्त वर्णित पत्र के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है।
2. नोडल आफिसर आई0टी0 को इस कथन के साथ प्रेषित है कि वह इस पत्र को कार्यालय की बेपसाईट पर अपलोड करने की कृपा करें।
3. रक्षक नस्ति।

उप–शिक्षा निदेशक उच्चतर,
शिमला, जिला शिमला–171001